तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 11 जुलाई 2024



14 जल जीवन एवं आवास योजना के कार्यों...




14 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के कार्य में हुआ बेहतर...






B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


विडंबना : लोकार्पण करने वाले कांग्रेस नेता कांकेर में रहने के बाद भी कभी झांकने नहीं पहुँचे

# उपकरणों की चोरी, 20 लाख की लागत से बना निको बाल उद्यान हुआ उजाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन कलेक्टर व वर्तमान निलंबित आईएएस केएल चौहान की कांकेर में कलेक्टर रहते हुए कार्यकाल की जाँच कर दी जाएं तो कई बड़े भ्रष्टाचार के खेल उजागर हो सकते है। उनके खेल का संरक्षण उस समय के विधायक व कांग्रेस नेताओं ने दिया था। उन्हीं के कार्यकाल में कांग्रेस नेताओं को लाभ पहुँचनाने यह उद्यान बना था। कांग्रेस नेताओं के पास कितना कमीशन गया था, यह वहीं जान सकते है, परंतु यह उद्यान दो साल सही ढंग से नहीं चल पाया। कई उपकरण टूट गए, वहीं कई उपकरण गायब हो गए।

- निको कंपनी ने निको बाल उद्यान नाम दिया, परंतु दुबारा कभी पार्क पहुँचे नहीं
- बाल उद्यान बनाया और किसी भी विभाग के सुपुर्द नहीं किया, इसलिए मेन्टेन नहीं हुआ

जानकारी के अनुसार कलेक्टर बंगला के सामने व दूर संचार विभाग के कार्यालय के बाजू में निको बाल उद्यान बनाया गया था, जिसका लोकार्पण 16 अगस्त 2020 को हुआ था। यहाँ पर राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ व एक से दो सरकारी आवास थे, उसे जर्जर बताकर उनका डिस्मेंटल करवाकर पार्क बनाया गया। यह पार्क कोयलीबेड़ा ईलाके में कार्य कर रही निको कंपनी के सीएसआरमद से बनवाया गया, यह कितने में बना, लागत का उल्लेख बोर्ड में नहीं है, परंतु जानकारों की मानें तो इसे बनाने में 20 लाख रूपएं खर्च किए गए थे। बाल उद्यान तो बनवा दिया गया, परंतु इसे किसी भी विभाग के सुपुर्द नहीं किए जाने के चलते एक साल में ही इसकी हालत बिगड़ने लगी थी। बाल उद्यान में लगाए गए ओपन जिम का सामान एक साल में ही टूटने लगा था, क्योंकि उसकी गुणवत्ता बहुत ही खराब थी। इस काम ▶▶| शेष पेज 12 पर





### न जाँच होगी, न होगी कार्रवाई

मामला तीन साल से ज्यादा पुराना हो जाने के चलते न तो अब इस पर कोई जाँच होगी और न ही कोई कार्यवाही होगी। इस मामले का उजागर करने का एक ही कारण है कि लोकार्पण करने वाले नेता आज भी कांकेर में रहते है, परंतु एक बार स्वंय के द्वारा लोकार्पण की गई जगह का अवलोकन करने नहीं पहुँचे। पत्थरों पर नाम लिखाने के लिए नेता लालयित रहते है और झगड़ते है, परंतु लोकार्पण के बाद उस स्थल का क्या हाल होता है, उसे झांकने तक नहीं जाते है। ऐसे नेता फिर से आपके सामने वोट माँगने व डींगे मारने आपके बीच किस जमीर से आते है, यह समझ के परे है।



### टूटे पड़े हुए है उपकरण, नहीं ले रहे सुध

बाल उद्यान पार्क में उपकरण टूटे पड़े हुए है और बाउण्ड्रीवाल की जाली को तोड़कर बेचने वाले कबाड़ी लोहा की चोरी कर रहे है, यह खेल अवैध ढंग से इसी ईलाके में अतिक्रमण कर दुकान चलाने वालों के संरक्षण में होता है, परंतु इस ओर ध्यान किसी का नहीं है, जबकि इस पार्क के आसपास जिले के सभी विभाग के बड़े आला अफसर निवास करते है। शायद मामला उजागर होने के बाद कोई अफसर गंभीर हो और इसकी सुध ले लें। पार्क के लिए राशि जारी करने वाली निको कंपनी अपनी कंपनी के नाम पर निको बाल उद्यान नाम दे दिया और एक बार राशि खर्च करके दुबारा कभी इस ओर झांकने नहीं पहुँचे।

### शराबियों का बना गया है अड्डा

अंधेरा हो जाने के उपरांत यह बाल उद्यान कई शराबियों के लिए शराब का अड्डा बन गया है। कई माह पहले इस उद्यान की सफाई जन सहयोग संस्थान ने एक सप्ताह लगकर किया था और कई शराब की बोतलें मिली थी। उनकी सफाई के बाद इसका हाल फिर से जस का तस हो गया है। घास बढ़ गई है और उसके डर के चलते अब यहाँ पर एक भी बच्चा व बड़ा इस पार्क में नहीं आते है, यह पार्क अब शोपीस बनकर रह गया है।

## नाती को डाटने पर दोस्तों ने नानी को पीटा व रिपोर्ट दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर के अंतर्गत शिवनगर में महिला ने बेवजह घूमने की बात को लेकर अपने नाती को डांटा। नाती के दोस्त ने महिला को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। पड़ोस के लोगो के बीच बचाव करने से महिला को ज्यादा चोट नहीं आई। महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँची शिवनगर निवासी 65 वर्षीय फुलवासन मंडावी पति स्व. खेदूराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि 9 जुलाई की रात करीबन 8 बजे मैं अपने घर पर थी, उसी समय मेरा नाती गौतम पड़ोसी नीरज मंडावी के साथ मोटर सायकल से आ। और मोटर सायकल को घर के सामने खड़ा किए। मैं अपने नाती को बोली कि मोटर सायकल को लेकर कहां कहां नीरज मंडावी के साथ घूमते रहते हो कहकर डांट लगाई, तो मेरा नाती डांट सुनकर कहीं चला गया। कुछ देर बाद पड़ोसी नीरज मंडावी बात सुनकर आया और मुझे गाली देते हुए तुझे जान से मार डालूंगा कहते हुए मुझे थप्पड़ और घर के छानी से खपरैल निकालकर मारपीट किया। मारपीट से सिर, दाहिना कोहनी, कमर, बांये हाथ में चोटे आई है मारपीट की घटना को पड़ोसी लोग देखे और बीच बचाव किए है। पड़ोसी लोग बीच बचाव नहीं करते तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। महिला की शिकायत पर कांकेर पुलिस ने आरोपी नीरज मंडावी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### तालाब एवं गली मोहल्ले में सफाई अभियान चला

**बनसागर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में ग्राम पंचायत बनसागर के सरपंच पुष्पा वट्टी, ग्रामीण वा सामाजिक कार्यकर्ता संतकुमार वट्टी, टिकेश्वर कुंजाम के मार्गदर्शन में ग्राम के तरियापारा स्थित शिव शक्ति महिला स्व-सहायता समूह के द्वारा पर्यावरण, संरक्षण, संवर्धन, प्रबंधन विकास एवं प्रदूषण से मुक्ति के लिए महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों के द्वारा गांव में स्थित तालाब एवं गली मोहल्ले की साफ सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर समूह की दसोबाई वट्टी, भुखईन बाई कावडे, सबत बाई साहू, पुष्पा बाई सेन, महाबती कावडे एवं अन्य महिलाओं ने साफ सफाई कर अपना योगदान दिया और आगे भी इस प्रकार से सामाजिक, संरक्षण कार्य के अंतर्गत किया जाने की संकल्प लिया गया।

### 12 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**कांकेर।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक-युवतियों के हॉस्पिटेलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। वर्ष 2024-25 के लिए इच्छुक जिले के युवक-युवतियाँ 12 जुलाई सायं 05 बजे तक आवेदनकर सकते है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप नियम तथा शर्ते विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 14 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 14 जुलाई दिन रविवार को प्रातः 10 से 12.15 बजे तक बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में जिले के लगभग 1664 परीक्षार्थी शामिल होंगे। भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 05 परीक्षा केंद्र शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेंन्डरी स्कूल गोविन्दपुर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### मंडी बोर्ड के जेडी ने उपज कम होने से सचिवों को लगाई फटकार

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के 11 मंडियों की उपज आवक जून माह में 21.79 फीसदी रही। कृषि उपज मंडी में उपज की आवक कम होने से मंडी बोर्ड के जेडी ने सचिवों को फटकार लगाई। इस तरह से मंडी जगदलपुर में 28.99, कोंडागांव में 26.72, केशकाल में 22.40, कांकेर में 11.98, चारामा में 130.26, संबलपुर में 52.69, पखांजूर में 5.45, गीदम में 63.04, कोंटा में 2.34, नारायणपुर में 38.76 एवं बीजापुर में 1.09 फीसदी उपज की आवक हुई।



## सशक्त समाज व भविष्य की बुनियाद है शिक्षाः आशाराम

**कांकेर।** पंडित विष्णु प्रसाद शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं विशिष्ट कन्या आवासीय विद्यालय गोविंदपुर में 10 जुलाई को शाला प्रवेशोत्सव विधायक आशाराम नेताम के मुख्य अतिथ्यि में हुआ। मुख्य अतिथि ने छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया और छात्रों को गणवेश व पुस्तकों का वितरण किया। आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे नियमित स्कूल आएं और अच्छी पढ़ाई करते हुए बेहतर परिणाम लाकर अपने गांव, समाज, प्रदेश और देश के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का आधार है तथा शिक्षा से ही हम भविष्य गढ़ सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश और पाठ्य पुस्तक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## डढ़ियां तालाब को जलकुंभी मुक्त करने, अधिवक्ताओं ने किया श्रम

**कांकेर।** जिला प्रशासन की पहल पर नगर के ऊपर नीचे रोड स्थित प्राचीन डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त बनाने लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में अठारहवें दिन 10 जुलाई को तालाब के शिव मंदिर घाट में अधिवक्ता संघ सफाई अभियान में शामिल हुआ। नगर सैनिक की टीम कमांडेट संजय शुक्ला के नेतृत्व में प्रतिदिन लगी हुई है।

डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त करने में श्रमदान करने के लिए प्रतिदिन कोई न कोई नई टीम पहुँच रही है और उसी का परिणाम है कि 70 प्रतिशत तालाब जलकुंभी मुक्त हो चुका है। शहर के लोग व विभिन्न संस्था 15 दिन इसी प्रकार से श्रमदान के लिए एक से दो घंटे आते रहने पर तालाब जलकुंभी मुक्त हो जाएगा। तालाब के जलकुंभी मुक्त अभियान में 10 जुलाई को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र दवे, उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, खम्मन मरकाम, गजेन्द्र साहू, धनेश यादव एवं अन्य अधिवक्ताओं ने श्रमदान किया। इसके अलावा जवाहर वार्ड के नागरिक एवं होमगार्ड के दल ने भी उक्त तालाब से जलकुंभी निकालने में श्रमदान किया। इसी तरह वंदेमातरम घाट में नागरिकगण, पूर्व सैनिक दल और स्वयंसेवी संस्था ने तालाब से जलकुंभी ▶▶| शेष पेज 12 पर



## चारामा इलाके में रोज 5 लाख का सट्टा पुलिस की चुप्पी से अपराध में इजाफा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

चारामा ईलाके में नररू का 12 महीनों तीसों दिन सट्टा पट्टी लिखने का खेल अब पूरे शबाब पर है, क्योंकि नररू का सबसे विश्वसनीय टक्कू ने ऐसी सेटिंग किया कि उसके खेल को अब कोई नहीं बिगाड़ सकता। चारामा विकासखंड में प्रतिदिन 5 लाख की सट्टा पट्टी की कटिंग नररू के पास जाती है। चारामा ईलाके में महीने में डेढ़ करोड़ तक का खेल हो रहा है, जिसकी भनक स्थानीय पुलिस को नहीं है या भनक होने के बाद भी पर्दा डाल दिया गया है, यह वही जान सकते है। टक्कू का तो यहाँ तक कहना है कि एक माह में सभी को सेट करने में 3 लाख का खर्चा भी होता है। सटोरियों के यह उपनाम है, परंतु मूल इनका नाम भी जल्द हरिभूमि में सबूत के साथ उजागर करने का प्रयास किया जाएगा।

- एक माह में डेढ़ करोड़ का खेलते हैं सट्टा, महीने का खर्चा तीन लाख

जानकारी के अनुसार सट्टा खिलाने वाले पहले कटिंग मुंबई, राजनांदगांव, नागपुर व अन्य बड़े स्थान पर देते थे, परंतु लंबे समय से सट्टा खेलते खेलते अब स्थानीय सटोरिए ही खाईवाल बन गए है। चारामा में नररू नाम का सटोरिया चारामा ईलाके की पूरी कटिंग अपने पास रखता है। इसका सबसे विश्वसनीय सट्टा का काम देखने वाला टक्कू है, जिसने अपने संरक्षण में कम से कम 12 युवााओं को जोड़ रखा है, इनके ईलाके बंटे हुए है, उसी ईलाके से सट्टा पट्टी लेकर आते है। नररू के पास टक्कू के अलावा बीड़ी वाला और बल्ला भी उसके विश्वसनीय है। यह तीनों अपनी अपनी टीम लगाकर गांव गांव सट्टा पट्टी लिखवाते है। इस खेल में यह सटोरिए 16 से 22 साल तक के युवाओं को लालच देकर इस खेल में जोड़ते है। गाँव गाँव तक लगी टीम सट्टा खेलने के लिए कई लालच देते है और उनको अपने जाल में फंसाते है। एक बार जाल में फंसने के बाद व्यक्ति सट्टा बिना खेले जी नहीं पाता है।




### वाट्सएप व टेलीग्राम का लेते है सहारा

कागज में लिखने का खेल अब बहुत कम हो गया है, सभी काम मोबाईल पर होने लगे है। वाट्सएप, टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म की मदद से इस खेल को अब खेलने लगे है, जिससे पुलिस को पकड़ने के लिए बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। पुलिस जब तक पहुँचती है, तब तक सटोरिया सभी डाटा डिलिट कर देते है। सायबर टीम चाहे तो डिलिट हुए मैसेज को रिकवर करके उनको दबोच सकती है, परंतु अभी तक ऐसी की गई कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है।

### 32 लोगों से होती है सेटिंग

चारामा में यह चर्चा है कि नररू का सबसे विश्वसनीय टक्कू ही सभी से सेटिंग करता है और औधिया को सबसे ज्यादा 20 हजार प्रति माह देता है, उसके बाद 15 हजार पाँच लोगों को, 10 हजार 10 लोगों को और 5 हजार 21 लोगों को बांटता है, यही लोग उसे सट्टा खेलने में मदद करते है। टक्कू जिस जगह हिसाब रखता है, उसे देखने वाले का कहना है कि हिसाब में नाम स्थानीय चारामा वाले लोगों का लिखा है, चारामा के अलावा जिला मुख्यालय वालों का केवल सरनेम लिखा है, परंतु उनका पेशा क्या है, यह जरूर लिखा हुआ है।

## यूपीएससी एवं वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा पास अभ्यर्थियों को मिलेंगे एक लाख

**कांकेर।** कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा यूपीएससी सिविल सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए निर्माण योजना शुरू किया गया है।

कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने बताया कि इस पहल के तहत सीआईएल अपने खनन वाले जिलों में यूपीएससी सिविल सेवा और वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को एक लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान देगा। कोल इंडिया द्वारा निर्माण नाम से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने के लिए कोयलांचल के प्रतिभाशाली जरूरतमंद कर्मयोगियों को परीक्षा के अगले चरणों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है। यह योजना ऐसे युवाओं के लिए है जो वर्ष 2024 में यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा, वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण हुए हों। सीआईएल और अनुषंगी कंपनियों के किसी भी खनन जिले के स्थायी निवासी हो तथा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपए से कम हो। उम्मीदवार यदि पुरुष हो तो अनुसूचित जाति अथवा जनजाति का हो अथवा महिला या थर्ड जेंडर हो। इस योजना के तहत केंद्र, राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्थायी कर्मचारी वाले तथा ▶▶| शेष पेज 12 पर



- निर्माण योजना के तहत अभ्यर्थियों की दी जाएगी आर्थिक सहायता

धरनास्थल पर पटवारियों ने भुइया की विसंगति को किया उजागर

## पटवारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी, राजस्व सचिव से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिलेभर के पटवारी भुइँया कार्यक्रम की विसंगतियों व अन्य मांगो को लेकर तीसरे दिन हड़ताल पर डटे रहे। बारिश होने के चलते सुरक्षित जगह ढूढकर पटवारी प्रदर्शन कर रहे है। पटवारियों का कहना है कि यह लड़ाई आर पार की रहेगी। पटवारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि जिले के विभिन्न तहसीलों व जिला मुख्यालय में धरना दिया जा रहा है।

- समस्याओं के निराकरण के लिए टास्क फोर्स गठित

धरना स्थल पर दिनभर वक्ताओं ने अपने विचार रखें साथ ही भुइँया कार्यक्रम की असफलता के संदर्भ में अनुभव साझा किया। हड़ताल के तीसरे दिन ही राजस्व सचिव के द्वारा प्रतिनिधि मंडल को चर्चा के लिए बुलाया गया था और लगभग लगभग 3 घंटे तक भुइँया कार्यक्रम की विसंगतियों पर बिंदुवार चर्चा किया गया। चर्चा में राजस्व सचिव के साथ एनआईसी के अधिकारी, सभी जिले के प्रोग्रामर, पटवारी संघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य, संभागीय अध्यक्ष समस्त जिलो के अध्यक्ष तथा भुइँया कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर रहे भुइँया विशेषज्ञ पटवारी उपस्थित रहे। भुइँया के जानकार पटवारी के द्वारा हड़ताल के 32 बिंदुओं को सिलसिलेवार समझाने का प्रयास किया गया तथा उनके द्वारा अधिकांश बिंदुओं को सार्थक बताकर सहमति दी गई। राजस्व सचिव ने गठित टास्क फोर्स को समस्याओं के निराकरण के लिए सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिया गया। टास्क फोर्स में भुइँया कार्यक्रम की जानकार दो पटवारी को भी सदस्य बनाया गया है।

राजस्व सचिव ने संघ की समस्त मांगों के संदर्भ में शासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया। बैठक के बाद प्रांतीय कार्यकारिणी राजस्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री से मिलने की जानकारी दिया गया। कार्यकारिणी के द्वारा सचिव के द्वारा किए गए सार्थक बातचीत पर प्रसन्नता व्यक्त किया, किंतु बिना किसी सार्थक निर्णय के हड़ताल को यथावत जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। राजस्व सचिव से बैठक के पश्चात प्रांतीय कार्यकारिणी की कोर ग्रुप की बैठक 10 जुलाई की रात को रायपुर में होने की संभावना है जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा।




### हड़ताल में ब्लाक के पटवारी हुए शामिल



**दुर्गूकोंदल।** तहसील दुर्गूकोन्दल ब्लाक के सभी पटवारी भानुप्रतापपुर में चल रहे हड़ताल प्रदर्शन में शामिल हो रहे है। ब्लाक अध्यक्ष सोमेश्वर हुपेन्डी, सचिव पतिराम सर्फे, कोषाध्यक्ष दिलीप नेताम की अगुवाई मे धरना प्रदर्शन जारी है। राजस्व पटवारी संघ के द्वारा 32 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले गए हैं, जिससे वर्तमान में चल रही शिक्षा सत्र में नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# संपूर्णता अभियान उत्सव आज से, विकासखंड की 67 ग्रापं में लगातार आयोजित होंगे शिविर

## माकड़ी में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा एवं प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

आकांक्षी विकासखंड माकड़ी के जनपद पंचायत सभागार कक्ष में स्वास्थ्य विभाग का प्रशिक्षण सह समीक्षा कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। इसमें संपूर्णता अभियान उत्सव, स्टॉप डायरिया अभियान, शिशु संरक्षण माह आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में संपूर्णता अभियान उत्सव के तहत कल 11 जुलाई से लगातार सभी 67 ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग तथा अन्य सभी संबंधित के समन्वय से शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसे देखते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी, सेक्टर सुपर वाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी महिला एवं पुरुष तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आदि को संपूर्णता अभियान के लक्ष्यों को सफल बनाने के संबंध में निर्देशित किया गया। सभी गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व पंजीयन तथा समस्त योग्य नागरिकों का डायबिटीज, हाइपरटेंशन, टीबी, एनीमिया तथा सिकलसेल आदि की जांच के लिए निर्देशित किया गया। गर्भवती महिलाओं तथा अन्य नागरिकजनों का स्वास्थ्य परीक्षण करने संबंधी निर्देश दिया गया। इसके अलावा स्टॉप डायरिया तथा शिशु संरक्षण कार्यक्रम के संबंध में भी विस्तृत चर्चा एवं प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के डीपीएम, जनपद पंचायत माकड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, आकांक्षी विकासखंड फेलो, स्वास्थ्य विभाग के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी, सेक्टर सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी महिला एवं पुरुष तथा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम पर 17 को शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन मंत्रलय वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आदेश जारी कर 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान एवं सैनिक कैंटीन छूटकर अनुज्ञप्ति के लिए पूर्णतः बंद रखी जाएगी। अवैध शराब बिक्री, धारण, परिवहन आदि पर प्रतिबंध रहेगा।

### आदिवासी छात्रावास बेलरगांव के सामने भरा पानी



**नगरी।** आदिवासी बालक छात्रावास बेलरगांव के सामने पानी भर गया है। छात्रावास में रहने वाले बच्चों को स्कूल जाने पानी को पार करना पड़ता है। बच्चे भरे हुए पानी में कोई जीव जंतु न हो इससे घबरा जाते हैं। वहीं पर नया छात्रावास बन रहा है। ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए गिट्टी रेत को संचालित छात्रावास के सामने डंप कर रख दिया है जिसके कारण छात्रावास के सामने पानी भर गया है। पानी निकासी के लिए रास्ता नहीं बनाया गया है। इससे कभी भी हादसा हो सकता है। वहीं ठेकेदार से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि अभी पानी निकासी के लिए अस्थाई रूप से साइड से नाली बना दी जाएगी ताकि पानी का जमाव न हो। छात्रावास के अधीक्षक का कहना है कि गड्ढे में भरे पानी के लिए नाली बनाने ठेकेदार को बोला गया है।

### तालपारा में निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**नगरी।** तालपारा में इस वर्ष भी शीतला मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। पूरे गांव में भाव-भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ का भ्रमण कराया गया। लोगों ने पूरी आस्था के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा की। उसके बाद भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा को गट्टासिल्ली में भ्रमण करवाया गया। गांव के भ्रमण के बाद राधाकृष्ण मंदिर गट्टासिल्ली में हवन-पूजन के साथ भगवान जगन्नाथ को विराजमान किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी कुकरेल मंडल महामंत्री संजय मरकाम, राधा कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष रामकुमार समरथ, अखिलेश प्रजापति, देवराज मरकाम, गुलाल नाग, विशाल मरकाम, अनवर सिंह समेत अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### प्राशा सरगीपालपारा में शाला प्रबंधन समिति का गठन

**कोण्डागांव।** शासकीय प्राथमिक शाला सरगीपालपारा कोण्डागांव में आज पालकों की उपस्थिति में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। पालकों की सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चुनाव किया गया। एसएमसी बैठक में शासकीय प्राथमिक शाला सरगीपालपारा के प्रधान अध्यापक श्रीमती योगेश्वरी देवांगन, शिक्षक शिवराम देवांगन एवं टिकेश्वर प्रसाद ध्रुव शामिल हुए।

### महाराष्ट्र से पकड़ा गया सायबर ठगी का आरोपी

**गीदम।** थाना गीदम में दर्ज सायबर फ्रॉड संबंधी अपराध जिसमें प्रार्थी अजय यादव के द्वारा फोन-पे से अपने पिता को पैसे ट्रांसफर किया गया। उनके खाते में नहीं जाने से अजय यादव द्वारा गुगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया और कॉल किया। आरोपी के द्वारा कस्टमर केयर से बोल रहा हूं कहकर प्रार्थी अजय यादव को अपने झांसे में लेकर उससे धोखाधड़ी करते हुए 86358 रुपए का फ्रॉड किया गया। उक्त मोबाइल धारक का डिटेल तकनीकी शाखा दंतेवाड़ा से प्राप्त किया।

# प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों व अतिथियों ने लगाए पौधे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिलातंर्गत शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी शाला में प्रवेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना व पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत करंजी की सरपंच इम्लेश्वरी बघेल ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आरती उतार, हल्दी चन्दन गुलाल से टीका लगाकर स्वागत किया।

इसके पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं अन्य छात्र छात्रओं को निःशुल्क गणवेश,निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम उपरांत न्योता भोज कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों एवं उपस्थित पालक गणों को स्वादिष्ट भोजन,खीर पुड़ी ,मिठाई एवं फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक टी. ऐंकट राव के नेतृत्व में अध्यनरत छात्र छात्राओं ने वन विभाग कोंडागांव द्वारा प्रदत्त निःशुल्क आम, जामुन, अमरूद, कटहल, आंवला, अशोक जैसे लगभग पचास पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया। ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ग्राम पंचायत करंजी के सरपंच इम्लेश्वरी बघेल, पांच जूगो बाई कोर्राम, शिक्षिका सारिका वैष्णव, शिक्षक विक्की दीवान, छात्र छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन टी. ऐकट राव ने किया।

## महात्मा गांधी वार्ड के स्वामी आत्मानंद स्कूल में हुई रील प्रतियोगिता



जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूल महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव में संपूर्णता अभियान के उपलक्ष्य में रील प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। संपूर्णता अभियान के विभिन्न बिंदुओं का संदेश जैसे बाल विवाह रोकथाम, शून्य से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, स्तनपान के फायदे इत्यादि रील द्वारा प्रदर्शित कर उसका वीडियो बनाकर दिखाया। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के संबंध में व्याख्याता अखिलेश गायधने ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 4 जुलाई से शुरू किया गया है। इस 90 दिनों के कार्यक्रम में विभिन्न बिंदु जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, टीकाकरण इत्यादि की सही जानकारी जन- जन तक पहुंचाने के लिए स्कूली बच्चे अलग अलग माध्यमों से संदेश देते रहेंगे। जिले के शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक ने इस अभिनव तरह की प्रतियोगिता को सराहा एवं संपूर्णता कार्यक्रम को सतत रूप से चलाने के लिए सभी ब्लॉक के शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

## डॉ. पण्ड्या को मिला विवेकानंद शांति पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

संस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संबंध वीआईआर शांति पुरस्कार दिया गया। समारोह में स्मृति चिह्न और सम्मान पत्र गायत्री परिवार प्रतिनिधि ने प्राप्त किया। डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के आशीर्वाद से ही सेवाकार्य संभव हो सका है। यह सम्मान उन्हीं विभूति को समर्पित है, जिन्होंने दुनिया में भारतीय संस्कृति के नवोन्मेष, सांस्कृतिक उत्थान और युवाओं के जागरण के लिए गायत्री परिवार की स्थापना की। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया गायत्री परिवार की ओर आशाभरी दृष्टि से देख रही है। उल्लेखनीय हो कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अवार्ड मिला है। आयोजक संस्था तर्पण फाउंडेशन युवा सशक्तिकरण एवं उत्थान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर ख्यातिलब्ध संस्थान है। पूर्व में भी फाउंडेशन की ओर से अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पंड्या के साथ ही उद्योगपति रतन टाटा को भी वीआईआर शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्यात्म, शिक्षा, पर्यावरण, उद्योग, शांति, तकनीक आदि के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बस्तर संभाग के गायत्री परिवार के सभी बंधुओं में हर्ष व्याप्त है। तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रदेश सलाहकार लोकेश गायकवाड़ व जिला कोडागांव के महामंत्री हरिशंकर नेताम ने हर्ष व्याक्त किया है।



# जागरुकता के लिए विभिन्न स्थानों में निकाली गई रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नीति आयोग के लक्ष्यों को संपूर्ण प्राप्त करने के लिये संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला कोंडागांव के आकांक्षी विकासखंड माकडी के बागबेडा, मगेदा, पीढ़ापाल, बालोंड, उरीदगांव में जन जागरूकता के लिए स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाली गई।

नारा देकर सभी की जन सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही संपूर्णता प्रचार रथ के माध्यम से भी लोगो के बीच जनजागृति का कार्य किया जा रहा है। 4 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले इस संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी जिला के 6 संकेतक एवं आकांक्षी विकासखंड के 6 संकेतक को शत प्रतिशत क्रियान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें गर्भवती महिलाओ का प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व पंजीयन, मधुमेह और उच्चरक्त चाप का स्क्रीनिंग, मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, चक्रीय निधि, स्कूली बच्चों को 1 माह के भीतर पाठ्य पुस्तकों का वितरण आदि शामिल है। संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए आकांक्षी विकासखंड माकडी में 11 जुलाई से लगातार सभी 67 ग्राम पंचायतों में सभी संबंधित विभागों के शिविर आयोजित किया जाएंगे।

# शीतलामाता से मांगी गांव की खुशहाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

ग्राम दुगली में माता पहुंचानी का कार्यक्रम हुआ। माता पहुंचानी के दिन गांव में कृषि मजदूरी काम को बंद रखा गया। इस दिन गांव के लोग अपने-अपने घरों में शीतला माता की पूजा के लिए तेल और हल्दी को मिश्रण करके एक दोने में रखते हैं उसके साथ थोड़ा चावल, नारियल, अगरबत्ती लेकर मंदिर जाते हैं। सर्वप्रथम गांव के सभी लोग शीतला माता की सात बार परिक्रमा करते हैं। उसके बाद ही मंदिर के अंदर प्रवेश करते हैं। गायता द्वारा शीतला माता की पूरे विधि विधान से पूजा की जाती है। प्रत्येक घर से लाये हुए तेल हल्दी के मिश्रण को एक जगह बर्तन में रखकर नीम के पत्ते के साथ शीतला माता में छिड़काव करने के बाद गांव के प्रत्येक व्यक्ति पर छिड़काव किया जाता है। उसके बाद गांव के गायता शीतला माता से गांव की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगते हैं। मौके पर गायता गुलेश नेताम, ग्राम पटेल सीताराम नेताम, चंद्रभान नेताम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जमीन विवाद पर हत्या, साक्ष्य छुपाने शव को लटका दिया फांसी के फंदे पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ मारडूम थाना क्षेत्र के ककनार खैरगुड़ापारा की वारदात

जिले के मारडूम थाना क्षेत्र के ककनार में जमीन विवाद व पूरानी रंजिश के चलते देवी जात्रा के दिन हुए विवाद के बाद दो आरोपियों ने मिलकर ग्रामीण की हत्या कर दी थी। मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक चौकी ककनार थाना मारडूम पुलिस द्वारा घर से ले जाकर हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए मृतक के शव को उसके घर में फांसी पर टांगने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश पर एसडीओपी लोहण्डीगुडा ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा घटना के लगभग एक माह बाद हत्या में शामिल आरोपी पूरनधर उर्फ पूरन मौर्य 24 वर्ष व जगतु राम मौर्य 55 वर्ष दोनों निवासी ककनार खैरगुड़ापारा थाना मारडूम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



### देवी जात्रा पूजा के दौरान हुआ था विवाद, दो गिरफ्तार

*एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि ग्राम ककनार में 7 जून 2024 को देवी जात्रा पूजा चल रहा था। जात्रा में मृतक जगबंधु कश्यप और कोटवार जगतुराम मौर्य के बीच पूर्व के जमीन सम्बंधी विवाद को लेकर आपस में लड़ाई हुई थी। उसी रात लगभग 12 बजे आरोपियों द्वारा जगबन्धु को उसके घर जाकर सल्फी झाड़ से सल्फी उतारने के नाम से ले गये। जहां दिन में हुए लड़ाई के बात व जमीन विवाद के बात को लेकर पुनः उनके बीच विवाद हुआ जिस पर दोनों आरोपियों ने एक राय होकर अपने पैर के घुटने से जगबन्धु को पकड़कर उसके गुप्तांग को मारे व हाथ मुक्का से मारपीट कर पटक दिया। जिससे जगबंधु पीठ सिर के बल गिर गया फिर दोनों आरोपी जगबंधु को मरते तक मारने के लिए पूरनधर को उकसाने पर आरोपी पूरन अपने पैर से जगबंधु के छाती को लात से दो तीन बार जोरदार प्रहार कर मारा है जिससे जगबंधु की मृत्यु हो गई। आरोपियों ने हत्या के बाद साक्ष्य को छुपाने के लिए मृतक जगबंधु के शव को उठाकर उसी के घर ले जाकर परछी में रस्सी से जगबंधु को फांसी से लटका दिए। स्पेशल टीम ने जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में कामयाब रही।*

## आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो विहिप-बजरंग दल करेगा उग्र आंदोलन : मुन्ना बजरंगी

# गौवंशों की सड़क हादसों में लगातार हो रही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ कलेक्टर अविलंब ले संज्ञान में, बजरंगियों ने दिया अल्टीमेटम

बस्तर जिले की सड़कों में आये दिन हादसे हो रहे हैं जिसमें गौ वंश की मृत्यु अथवा गंभीर रूप से घायल हो रहे है। घायल गौवंशों को बजरंगदल जिला पशु चिकित्सालय से उपचार कर हैप्पी कामधेनु गौ शाला भेज रहा है। इस एनजीओ में पहले से ही सैकड़ो की संख्या में गौ वंश है, जिस कारण जगह की कमी भी हो रही है,और संपूर्ण जिले में सड़क हादसों में घायल गौ वंश रोजाना 6-8 की संख्या में आ रहे है,जो नई परेशानियों को जन्म दे रहा है। बजरंगदल जिला सह संयोजक मुन्ना कोरी ने बताया कि बस्तर जिले में नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, शहरी व ग्रामीण इलाके सहित चौक चौराहौ व अन्य आवागमन वाले सड़को में गौ वंश का डेरा है। जिस कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे है व जिसमें गौ वंश की मृत्यु व गंभीर रूप से घायल हो रहे है। लगातार गौ वंश को कुचलकर मौत के घाट उतारने वाले चालकों और गैर जिम्मेदार पशुपालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिला कलेक्टर उक्त मामले को संज्ञान लेते हुए कठोर कार्रवाई करे। कोई सार्थक पहल नहीं होने की स्थिति में बजरंग दल उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा। ज्ञापन देने के दौरान विहिप प्रांत सदस्य प्रचार प्रसार विभाग रोहन कुमार, विभाग सेवा प्रमुख अनिल अग्रवाल, जिला संयोजक घनश्याम नाग,जिला सह संयोजक मुन्ना कोरी,नगर उपाध्यक्ष अजय यादव,नगर सह मंत्री नितेश सेठिया, बजरंग दल जगदलपुर नगर संयोजक भवानी चौहान,नगर सह गौ रक्षा प्रमुख सुदेश बघेल, नगर विधार्थी प्रमुख देव यादव, रोहित झा,तमिश नायडू,अमन धीवर व अन्य बजरंगी उपस्थित थे।





## पेज 11 के शेष

### उपकरणों की चोरी...

को तत्कालीन कलेक्टर ने इतना गोपनीय रखा था कि किसी को कानों कान खबर ही नहीं लगने दिया और आनन फानन में बनवाकर 15 अगस्त के अगले दिन 16 अगस्त को लोकार्पण करवा दिया था। मानीटरिंग नहीं होने से कबाड़ी बिनने वाले वाउण्ड्रीवाल में लगी जाली को तोड़कर चोरी करने लगे है, इस ओर किसी अधिकारी की नजर नहीं है।

### सशक्त समाज...

का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत बेटियों को निःशुल्क साइकिल भी प्रदाय की गई। इस अवसर पर समस्त अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने न्योता भोजन में शामिल होकर भोजन किया। अंत में सभी अतिथियों द्वारा एक पौधा मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया गया, इसमें फलदार, औषधियुक्त एवं छायादार पौधों का रोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामचरण कोर्राम जनपद सदस्य तारिणी ठाकुर, भरत मटियारा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### डढ़ियां तालाब...

निकालने में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। डढ़िया तालाब को जलकुंभी मुक्त अभियान में अरूण कौशिक, जयंत अटभैया, अविनाश नेगी, टेश्वर जैन, मोहन सेनापति, पंकज कौशिक, अशोक राठी, अजय पप्पू मोटवानी, विजय लक्ष्मी कौशिक सहित कई वरिष्ठ नागरिक, स्वयंसेवी संस्था अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### यूपीएससी एवं वन...

कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी किसी अनुषंगी कंपनी के कर्मचारियों के बच्चे पात्र नही होंगे। योजना के बारे में अधिक जानकारी, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया आदि वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदन प्रक्रिया यूपीएससी द्वारा सिविल सेवा व वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 परिणामों की घोषणा के अगले दिन से शुरू होगी।

## खबर संक्षेप

### सिंधी समाज का चालीहो महोत्सव 16 से

**जगदलपुर।** पूरे देश भर में 16 जुलाई से सिंधी समाज द्वारा चालीहो महोत्सव मनाया जाना है।



इसमें 40 दिवसीय अखंड ज्योत जलेगी। भजन, कीर्तन, भोगसाहिब, अरदास, प्रसादी वितरण भी होगा। सिंधी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया इस वर्ष हम सब सिंधी समाज सदस्य मिलकर चालीहो महोत्सव 2024 मनाएंगे। इस बार प्रथम वर्ष में चालिहे साहिब की मौज से चालीहो महोत्सव के पावन अवसर में चकरभाठा से साई का आगमन भी होना है। इस चालीहो महोत्सव में 16 जुलाई को समाज द्वारा आस मटकी का विराजमान सिन्धु भवन में होना है। जिसकी 40 दिन तक सुबह शाम पूजा की जाएगी। प्रथम दिवस में ही धमतरी से झूलेलाल मन्दिर के भजन मंडली सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन सिन्धु भवन में शाम 6 बजे से प्रारम्भ होगा। इसके दौरान विविध कार्यक्रम होंगें।

### क्षत्रिय राजपूत समाज 12 को करेगा हवन

**जगदलपुर।** बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष हितेंद्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से समाज के लोगों को जानकारी देते कहा कि शहर स्थित सिंचाई कॉलोनी संतोषी मंदिर के समीप समाज के नवनिर्मित भवन में 12 जुलाई को प्रातः 11 बजे हवन एवं दोपहर 3 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया गया है। जिसमें समाज के सभी महिलाएं, पुरूष एवं युवा अनिवार्य से उपस्थित होवें।

### मोहर्रम पर 17 को शुष्क दिवस

बीजापुर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अनुराग पाण्डेय द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 की उप-धारा (1) के तहत वर्ष 2024 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल-7 सैनिक केंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

### नेशनल लोक अदालत 13 को

**दंतेवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार नेशनल लोक अदालत माननीय उच्चतम न्यायालय, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन में जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, व्यवहार न्यायालय सुकमा, बीजापुर, बचेली एवं कोंटा में 13 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिसमें दाण्डिक राजीनामा योग्य प्रकरण, धारा-138 परकाम्य लिखित अधिनियम, बैंक रिकव्हरी केस, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, श्रम विवाद, बिजली, पानी, वैवाहिक, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण प्रकरण, वेतन एवं भत्ते से संबंधित सर्विस मेटर, राजस्व प्रकरण जो जिला न्यायालय में लंबित हैं, अन्य सिविल वाद एवं प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण निराकरण किये जायेगें।

### सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ शिशु वाटिका का शुभारंभ

# शिशु मंदिर में दी जाती है संस्कारों की शिक्षा : राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा





आध्यात्मिक नगरी कोण्टा शहर में बच्चों को संस्कारित शिक्षा प्रदान करने लगातार 1995 से जारी प्रयासों के बीच आज सरस्वती शिशु मंदिर में शिशु वाटिका का शुभारंभ किया गया। इस दौरान संघ परिवार से जुड़े अनेक भाजपा कार्यकर्तागण एवं संस्था से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

मुख्य अतिथि के तौर पर कोण्टा नगर सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंचे शिशु वाटिका का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली जगदलपुर एवं जागृति मंडल रायपुर के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा एवं रामराजा मनोज देव विभाग प्रभारी एवं अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर सुकमा के हाथों किया गया।

■ आध्यात्मिक नगरी कोण्टा में 1995 से संचालित है सरस्वती शिशु मंदिर

ज्ञात हो कि संस्था में अध्ययनरत बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावात्मक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक विकास की पद्धति में भी संपूर्ण शिक्षा खेल, सद्गुणों की कथाएं, देशभक्ति गीत, इन्द्रिय विकास, भाषा कौशल, विज्ञान अनुभव, रचनात्मक कार्य, मुक्त व्यवसाय, चित्रकला, हस्तकला, दैनंदिन जीवन व्यवहार एवं विविध अनुभव होने वाले इस ज्ञान के मंदिर को ध्यान देते हुए इसकी शुरूआत की गई है।

#### नए प्रयासों की हुई शुरूआत

शिशु वाटिका के शुभारंभ अवसर पर पहुंचे सरस्वती शिशु मंदिर कंगोली जगदलपुर एवं जागृति मंडल रायपुर के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा ने कहा कि आध्यात्मिक नगरी कोंटा में वर्षों बाद एक बार फिर सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षण संस्था में स्थानीय निवासियों ने रुचि दिखाया है। वर्ष 1995 से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर जो कि बीते कुछ वर्षों से काफी उपेक्षित रहा। एक बार फिर से इस संस्था में कुछ नए प्रयासों की शुरूआत की जा रही है। साथ ही इस अवसर पर पहुंचे रामराजा मनोज देव विभाग प्रभारी एवं अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर सुकमा ने कहा कि कोण्टा नगर चाहे वह संघ संगठन की बात हो या फिर पार्टी संगठन की बात हो हमेशा अग्रसर रहा। सुकमा जिला में भी कोण्टा नगर एक मजबूती की मिसाल कायम किए हुए है।

#### ये रहे मौजूद

सरस्वती शिशु मंदिर के शिशु वाटिका शुभारंभ अवसर पर खंड संघ चालक सी.एच. राज शेखर प्राचार्य वेद माता कालेज, जगदलपुर से तिवारी, समिति के अध्यक्ष पी.गणेश व्यवस्थापक गिरीश कुमार, सचिव वी.नरेश, कोषाध्यक्ष टी.वेंकटेश राव, समिति के सदस्य सुभाष चतुर्वेदी, आर.मुरली, जी.वेंकटरमन्ना रेड्डी, जी. गंगाचलम, उदयराज सिंह, जेट्टी रामाराव, पी. रामडू, जी.विजय लक्ष्मी रेड्डी, पी.कृष्ण कुमारी, अन्नू घोष, टी.श्रीनिवास, वेट्टी अनिल, नीली सतीश, नीली वंशी, सुनील, अरविंद गुप्ता, किरण मनीष, संस्था के आचार्य, दीदी समेत कोंटा के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## एक पेड़ मां के नाम से रोपित किये जाने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में 12 जुलाई को जिले के प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के साथ एक पेड़ मां के नाम से लगाये जाने हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया है। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढाओं अभियान अंतर्गत जल शक्ति से नारी शक्ति के माध्यम से जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करते हुए जनप्रतिनिधि, जनसमुदाय के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम से अनिवार्य रूप से रोपित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति खोखर चखियार द्वारा आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु मैदानी स्तर के सभी अमलो को अभियान अंतर्गत महतारी वंदन योजना के लाभार्थी महिलाओं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के महिलाओं, ग्राम की महिला समूहो, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं एवं किशोरियों को शामिल करते हुए जल संरक्षण विषय अंतर्गत जल का महत्व साफ एवं सुरक्षित जल का उपयोग, जल के संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों की जानकारी, जल स्त्रोतो के आसपास की सफाई एवं स्वच्छता का महत्व, साफ-सुथरा शौचालय का उपयोग साथ ही पौधा रोपण एक पेड़ मां के नाम से करते हुए जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया जाना है। उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाया जाना है, ताकि जल शक्ति से नारी शक्ति जल आंदोलन के रूप में जिला में क्रियान्वयन किया जा सके इस दौरान महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं पोषण आहार के बारे में प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जाना है। आंगनबाडी केन्द्रों में इसकी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिया गया हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौधारोपण हेतु गड्डा एवं पौधो की उपलब्धता हेतु आवश्यक तैयारी किया जा रहा है।

# नौनिहालों एवं माताओं को सुपोषित करने समर्पित हैं जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





एक सुपोषित स्वस्थ बच्चा ही समुदाय के समावेशी विकास का मापदण्ड तय करता है। यानी आज का स्वस्थ बच्चा, कल का स्वस्थ नागरिक। इसलिए स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पोषण जैसे बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाना शासन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक होते है और जिला प्रशासन द्वारा सदैव इस बात जोर दिया जाता रहा है कि हमारे आंगनबाड़ी एवं सुपोषण केन्द्रों में

■ 22588 बच्चे एवं माताएं को किया गया सीएम सुपोषण अभियान से लाभान्वित

नौनिहालों को पोषण आहार मिलना शत प्रतिशत सुनिश्चित हो । इसके लिए ग्रामीण एवं वनांचलों स्थित आंगनबाड़ी केंद्र बखूबी अपनी भूमिका को निभा रहे है। शून्य से 6 वर्ष तक बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार कर उन्हें शारीरिक, मानसिक विकास की बुनियाद रखने में इन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गुरूत्तर दायित्व है। इस क्रम में जिले में संचालित मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में कुपोषण की दर में सापेक्षित कमी के साथ बेहतर परिणाम प्राप्त हुए है। पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य पर शिक्षा, बच्चों को शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा दे रहे इन आंगनबाड़ी केन्द्रों से अब तक जिले में कुल 16472 बच्चे एवं 6116 गर्भवती एवं शिशुवती माताएं लाभान्वित हुए है।

जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वर्तमान में 1 वर्ष से 3 वर्ष के कुपोषित बच्चों सहित 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों के लिए चावल, रोटी, दाल, सब्जी और अंडा नियमित रूप से दिया जा रहा है। इसी प्रकार गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए भी चावल, रोटी, दाल, अंडे के अलावा उपलब्ध स्थानीय हरी सब्जियां लौकी, मुनगा, कुम्हड़ा, कच्चे पपीते, हरी पत्तेदार सब्जियां भी दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। इन खाद्य सामग्रियों को उपलब्ध कराने के लिए भी सी-मार्ट एवं स्व सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। इस कड़ी में परियोजना दन्तेवाड़ा के बड़े कारली स्थित आयतू पारा तथा बारसापारा के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र में भी बच्चों एवं हितग्राही महिलाओं को नियमित रूप से उपरोक्त पोषण आहार प्रदाय किया जा रहा है। इनमें आयतू पारा केन्द्र में कुल 49 बच्चे तथा बारसापारा में 17 बच्चे है, इसी प्रकार आयतू पारा केन्द्र में 12 शिशुवती एवं 4 गर्भवती माताएं तथा बारसापारा में 6 शिशुवती एवं 5 गर्भवती पंजीकृत है, जिन्हें भी इस प्रकार के पौष्टिक आहार दिए जा रहे है। इन केन्द्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रीना सरकार तथा गंगा कश्यप ने इस संबंध में बताया कि बच्चों को नियमित रूप से सुबह के नाश्ते के तौर पर रेडी-टू-ईट आहार एवं पोहा दिया जाता है। इसके अलावा मध्यान्ह भोजन में खाना के साथ-साथ उबले अंडे नियमित रूप से दिये जाते है। केंद्र में मध्यम कुपोषित श्रेणी के बच्चे भी है, जिन्हें मुख्यालय के एनआरसी केंद्र भेजा गया है और बच्चों के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र में टीवी भी प्रदाय किया गया है, जिसके माध्यम से वे बच्चों को कहानी, कविता इत्यादि सिखाती है और बच्चे भी यहां आकर प्रसन्नचित रहते है। निरीक्षण के दौरान वास्तव में उक्त आंगनबाड़ी केन्द्र में खाना खाते हंसते खिलखिलाते नन्हे बच्चों को देखना एक सुखद अनुभव था। जिले में कुपोषण दर को कम करने में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का महती योगदान रहा है और इस अभियान को गति देने में जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र पूरे समर्पण से जुटे हुए है।

### पोलमपल्ली एवं कांकेरलंका क्षेत्र का सीईओ ने किया निरीक्षण

# बच्चों के पोषण, वजन, साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्टा



सोमवार को जिला पंचायत सीईओ नमता जैन ने ग्राम पंचायत पोलमपल्ली एवं कांकेरलंका में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र, आश्रम, उपस्वास्थ्य केंद्र सहित निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास, सामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालय का निरीक्षण किया।

जिला पंचायत सीईओ ने कन्या आश्रम कांकेरलंका का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम अधीक्षिका, प्राधानपाठक और सहायक शिक्षिका नियमित उपस्थिति रहने और आश्रम में भोजन एवं शिक्षा व्यवस्था सहित बिल्डिंग के रख-रखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए। आंगनबाडी केंद्र कांकेरलंका का निरीक्षण कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका को केन्द्र में बच्चों के पोषण, वजन, साफ-सफाई व्यवस्था को सुधार करने कहा।

सीईओ जिला पंचायत ने उप स्वास्थ्य केन्द्र कांकेरलंका निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय करने के लिए एएनएम, सीएचओ, आरएचओ को सुचारू रूप से संचालन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हो रहे आवास निर्माण कार्यों को समय सीमा में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत पोलमपल्ली एवं कांकेरलंका में व्यक्तिगत पारीवारिक शौचालय का उपयोग करवाने हेतु व्यापक रूप से जन जागरूकता अभियान चलाने एवं निर्माणधीन सामुदायिक शौचालय, सेग्रिगेशन शेड को अतिशीघ्रता से पूर्ण करने निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पोलमपल्ली में निर्माणधीन उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत पोलमपल्ली में एनआरएलएम में एसएचजी को ऋण दिलाने एवं एसएचजी की सहभागिता बढ़ाने और ग्राम पंचायत पोलमपल्ली एवं कांकेरलंका में मनरेगा के निर्माण कार्यों को अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी निखिल राखेचा, नरेगा सहायक परियोजना अधिकारी अखिलेश राजपूत, एसबीएम जिला समन्वयक विजय बहादुर जैन, एनआरएलएम अधिकारी चौहान, जनपद पंचायत सीईओ कोण्टा नारद कुमार मांझी, तकनीकी सहायक सहित स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं अन्य उपस्थित थे।

# युवाओं का आर्थिक स्थिति सुधारने मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

स्थानीय युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है। जिससे जिले के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने वाले न होकर नौकरी देने वाले होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य हेतु आवश्यक प्रक्रिया, ऋण सुविधा इत्यादि जिला प्रशासन द्वारा सुगमतापूर्वक मुहैया कराया जाएगा। बीजापुर जिले के ऐसे युवा जो स्वरोजगार के कार्य करने की रूचि रखते हो, ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 40 युवाओं को 10 दिवसीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आवेदन मंगाए गए है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा, जिसमें 4 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर माइक्रो स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टरप्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा। बीजापुर जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष एवं 10वीं उत्तीर्ण हो, 40 युवाओं के प्रशिक्षण हेतु 50 प्रतिशत आवेदन जिले से आदिवासी वर्ग के युवा एवं शेष 50 प्रतिशत आवेदन जिले से अन्य वर्ग के युवा कर सकेंगे। आवेदन 20 जुलाई तक कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक डी-19 में संपर्क कर सकते हैं।

# मचान विधि के जरिये बढ़ेगा सब्जियों का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले की ग्रामीण बसाहटों की एक प्रमुख विशेषता प्रत्येक घर आंगन में शाक वाटिका या सब्जी बाग उगाने के लिए पर्याप्त भूमि की सुव्यवस्था का रहना है। जहां कृषक परिवार अपने आवश्यकतानुसार प्रत्येक मौसम अनुरूप स्थानीय सब्जियां जैसे भिंडी, कुम्हड़ा, भटा, करेला, लौकी, विभिन्न प्रकार की भाजियां का सीमित तौर पर पैदावार कर लेते है।

■ एक हजार महिला कृषकों की बाड़ियों में बिहान बनाएगा मचान

अब इन्हीं शाक वाटिका को महिला कृषकों के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत बहुउपयोगी, संवर्धित करके आजीविका से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे है। बाड़ियों में उगने वाले लता उन्मुख शाक सब्जियों जैसे करेला, तोरई, बरबटी, सेम की लताओं के लिए मचान विधि फायदेमंद रहती है। इसमें लताओं के फलने फूलने के लिए रस्सी और तार के माध्यम से मचान निर्मित किया जाता है। इसका सबसे बड़ा लाभ तो यह है कि पौधे में आने वाली सब्जियां खराब नहीं होती है और उनकी गुणवत्ता भी अच्छी रहती है। साथ ही इनकी फलने की अवधि में भी बढ़त हो जाती है। जिले के कृषकों का रुझान सदैव जैविक कृषि की ओर रहा है, अतः मिशन बिहान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जैविक सब्जियां एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए जिले के अंतर्गत 1000 दीदियों के बाड़ियों में मचान विधि से सब्जी उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। जहां वे मचान विधि से सब्जियों का उत्पादन कर आजीविका के नये स्रोत से जुड़ेगी।

इस कड़ी में विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के ग्राम पंचायत कुपेर के स्व सहायता के दीदी झुनकी यादव के मकान की 3.8 डिसमिल भूमि में मचान विधि से करेला लगाने के लिए नर्सरी बेड तैयार किया गया है।

साथ ही अन्य दीदियों के घर के बाड़ियों में इसी विधि से सब्जी लगाने को प्रेरित किया जा रहा है। ताकि स्थानीय समुदाय को अधिक से अधिक ताजी जैविक सब्जियां उपलब्ध होने के साथ-साथ दीदियों की आमदनी में वृद्धि हो। इसके अलावा इन्हें कृषि मित्रों एवं उद्यानिकी विभाग के द्वारा समय समय पर आवश्यक सहयोग व मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।



**खबर संक्षेप**

### शहीद सेल की बैठक में शहीद परिवारों की सुनी समस्याएं

**कांकेर।** जिलास्तर पर तैयार किए गए शहीद सेल की प्रथम बैठक 10 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। शहीद परिवार से संवाद करके उनकी समस्याएं सुनी गई और उनका निराकरण के लिए पहल किया गया। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के निर्देशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई कल्याण ऐलीसेला की अध्यक्षता में जिला कांकेर में शहीद सेल के गठन के पश्चात 10 जुलाई को शहीद सेल की प्रथम बैठक आयोजित की गई, जिसमें 46 परिवार शामिल हुए। एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस संदीप पटेल द्वारा शहीद परिवारों की समस्याएं सुनी गई एवं उनकी समस्याओ, शिकायतो को प्राप्त कर तत्काल निराकरण के लिए संबधितो को निर्देशित किया गया। शहीद परिवार की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। शहीद परिवारों की समस्याओं का निराकरण के लिए प्रत्येक माह द्वितीय बुधवार को शहीद सेल की बैठक आयोजित की जाएगी। आयोजित बैठक में डीएसपी मुख्यालय गिरिजाशंकर साव, आरआई गोविंद वर्मा, एसआई विजय देवांगन, मुख्य लिपिक, एएसआई लीला सिन्हा व अन्य स्टाप उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ियों में रोपे जाएंगे पौधे 12 को

**दंतेवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जारी विज्ञप्ति अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को प्रोत्साहित किए जाने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में 12 जुलाई को जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत ग्राम की महिला समूहों, महिला मंडल, ग्राम स्तर की सभी महिलाओं को एकत्र कर पानी की महत्ता जैसे- स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, पानी का संचयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा खराब पानी का अन्य उपयोग इत्यादि विषय पर जानकारी देकर प्रत्येक घरों में पानी के संचयन के लिए उपयुक्त व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रेरित किया जायेगा। इस प्रकार प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में 12 जुलाई को पांच फलदार वृक्ष का रोपण भी किया जायेगा।

### शहर के 4 केन्द्रों में होगी बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आगामी 14 जुलाई को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले के अंतर्गत प्रथम पाली में प्रवेश परीक्षा जगदलपुर स्थित 4 केन्द्रों में होगी। जिसके तहत प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर में 500 परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 में 500 परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर में 450 परीक्षार्थी और परीक्षा केंद्र क्रमांक 1704 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर में 131 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**सेना भर्ती के लिए इच्छुक युवाओं को दिलाएं निःशुल्क प्रशिक्षण**

# जल जीवन एवं आवास योजना के कार्यों में प्रगति लाने पर कलेक्टर ने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक लेकर कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने विभिन्न विभागों के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के जर्जर स्कूल भवनों, आंगनबाड़ियों में कक्षाएं नहीं लगनी चाहिए। साथ ही जर्जर छात्रावासों के संचालन पर भी रोक लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अतिजर्जर स्कूल व आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि तहसील कार्यालय निर्धारित कार्यालयीन समय में खुला रहे और सभी स्टाफ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। साथ ही उन्होंने जीवन दीप समिति की नियमित बैठक आयोजन करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों से कहा कि राज्य शासन द्वारा जिले के दूरस्थ अंचलों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ पहुंचाने निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने निर्देशित किया कि यदि दूरस्थ एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में नए सड़क, पुल-पुलिया या अन्य अधोसंरचना विकास संबंधी कार्य, जो अतिआवश्यक हो, इसके लिए कार्ययोजना बनाएं। साथ ही यह भी कहा कि जिले के ऐसे युवा जो सेना एवं पुलिस भर्ती में भर्ती के लिए इच्छुक हैं, उन्हें पूर्व सैनिकों द्वारा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिलाया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए खेल अधिकारी को युवाओं को प्रशिक्षण प्रदाय करने के निर्देश दिए।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जलजीवन मिशन, महतारी वंदन योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में प्राथमिकता से तेजी लाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले के कांकेर, नरहरपुर और चारामा विकासखण्ड में धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए 15 अगस्त से पूर्व लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश जनपद पंचायतों के सीईओ को दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, राजीव युवा मितान क्लब के कार्यों की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल ने नियद नेल्लानार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत जिले में प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।

# शिक्षा के लिए संसाधनों की कमी नहीं जुनून से मिलती है सफलता : नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

■ नरहरपुर के सायकिल वितरण समारोह में विधायक आशाराम नेताम की उपस्थिति में हुआ

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर में आयोजित सायकल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी में पहुँचे विधायक आशाराम नेताम व अन्य अतिथियों का स्कूल परिवार द्वारा पुष्प भेंटकर तथा स्काऊट्स के छात्राओं द्वारा स्काऊट फीता लगाकर व सलामी देकर स्वागत किया गया। छात्रों की माँग पर विधायक ने सायकल स्टैंड के लिए 5 लाख रूपएं देने की घोषणा किया। मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि एक समय था जब गरीबी और आर्थिक तंगी के चलते गाँव में अधिकांश परिजन अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज पाते थे और आवागमन की व्यवस्था नहीं होने के चलते बच्चे शिक्षा से वांछित हो जाते थे। गाँव में स्कूल नहीं होने के कारण पढ़ने के लिए मुख्यालय जाना पढ़ता था, पर साधन सुविधा के अभाव का सामना सभी को करना पड़ता था। भाजपा की सरकार और तब के मुख्यमंत्री डाँ रमन सिंह और शिक्षा मंत्री केदार कश्यप की सोच जिसमें गरीब बेटियों के शिक्षा के लिए स्कूल पहुँचने उन्होंने सरस्वती सायकल योजना चालू किया गया, जिसमें बेटियों को सायकल मिला और बिना किसी रूकावट के वो स्कूल पहुँच रही, यह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार की सोच कर सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में अब बेटियाँ आगे निकल रही और इसके लिए सरकार हर संभव योजना बनाकर उन्हें लाभवंतित कर रही। छात्राओं ने स्कूल में समस्याओं को लेकर माँग पत्र सौंपा, जिस पर विधायक ने सायकल स्टैंड के लिए पाँच लाख देने की घोषणा किया तथा शौचालय के लिए राशि देने की घोषणा किया। नरहरपुर जनपद उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू और मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने भी अपने विचार रखे। भाजपा मंडल नरहरपुर द्वारा स्कूल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण रखा गया, उपस्थित सभी अतिथियों ने पौधारोपण किया और माँ के नाम पर एक पौधा लगाने और संरक्षण करने की अपील किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य गिरीश साहू, संतोष भास्कर, लक्ष्मी नारायण साहू, जसराज चोपडा, आशा रावटे, पार्षद रंगिता उईके, अनिता यादव, सुशीला धुव सहित स्कूल का समस्त स्टाप व छात्र उपस्थित रहे।

# टेलीमेडिसिन माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण मरीजों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



■ चिकित्सालय आने और दवाईयों के लिए कतार में खड़े होने से मरीजों को मिला छुटकारा

मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी अन्य पुरानी बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए निरंतर चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है। भौगोलिक बाधाएं, परिवहन संबंधी समस्याएं और बार-बार क्लीनिक जाने का तनाव, दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों के लिए नियमित चिकित्सा देखभाल को मुश्किल बना देते हैं। परन्तु अब राज्य एवं जिला प्रशासन की पहल द्वारा टेलीमेडिसिन के माध्यम से मरीजों की इन दिक्कतों को आसान बनाया गया है। टेलीमेडिसिन के जरिये अब चिकित्सक चिकित्सालय में ही रहकर वर्चुअल माध्यम से मरीज से बातचीत कर उचित चिकित्सकीय परामर्श देने के अलावा और उनके व्याधियों के लक्षण के अनुरूप चिकित्सालय रेफर करने का निर्देश दे सकते है।

उल्लेखनीय कि दंतेवाड़ा जिले में जिला प्रशासन द्वारा मार्च 2024 से टेलीमेडिसिन सेवाओं की पहल की गयी है। टेलीमेडिसिन के जरिये जिला अस्पताल के चिकित्सक प्रतिदिन दो घंटे के लिए मरीजों हेतु उपलब्ध रहते है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों का चार्ट भी बनाया गया है। जहां उन्हें 40 से अधिक ग्रामीण प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से विडियो कॉल मिलती है और वे लोगों को सीधे चिकित्सकीय परामर्श देते है। मरीजों को रोगों की गंभीरता का पता चलने के साथ-साथ और उन्हें समय पर उचित इलाज कराने का विकल्प मिल जाता है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को सीधे अस्पताल आने की जरूरत नहीं पड़ती है और वे समय रहते उपचार प्रारंभ करा सकते है। इसके साथ ही उन्हें अस्पताल आने जाने के खर्चे, दूरी, समय की बचत, जैसी सुविधाएं होने के साथ-साथ अस्पताल में भीड़ से हो रही असुविधा का भी सामना नहीं करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (आरएचओ) से सम्पर्क किया जाता है। जहां जिला अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से जिला अस्पताल सम्पर्क साधा जाता है और उपलब्ध चिकित्सक मरीजों से मश्वरा करते है। तत्पश्चात चिकित्सकों के परामर्श अनुसार उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एएनएम एवं सीएचओ द्वारा मरीजों को निशुल्क दवाई दी जाती हैं। इस क्रम टेली मेडिसीन सुविधा से लाभान्वित मरीज मांझी पदर निवासी रानू बाई एवं सावन ठाकुर बताती है कि पहले छोटे-छोटे बीमारी को लेकर जिला अस्पताल तक जाना पड़ता था। लेकिन अब राज्य एवं जिला प्रशासन के द्वारा संचालित टेलीमेडिसिन के माध्यम से कई बीमारियों के उपचार के संबंध में चिकित्सा परामर्श और दवाईयों के निर्देश गांव में ही रहकर ही प्राप्त हो रहे है।

# बेहतर शिक्षा, गुणवत्तायुक्त भोजन सहित परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर





■ प्राचार्य एवं आश्रम, पोटाकेबिन अधीक्षकों की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय जिले के समस्त पोटाकेबिन, आश्रम एवं आवासीय संस्थाओं के अधीक्षकों की बैठक लेकर संस्थाओं की व्यवस्थाओं को सुधारने, मध्यान्ह भोजन के मीनू का कड़ाई से पालन करते हुए गुणवत्तायुक्त भोजन निर्धारित मीनू चार्ट के आधार पर दिए जाने के निर्देश दिए। भोजन की गुणवत्ता पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। भोजन की गुणवत्ता के साथ-साथ रसोईयों की व्यक्तिगत स्वच्छता, एप्रेन, कैप लगाकर भोजन बनाने, रसोई घर की स्वच्छता सहित संस्था के परिसर एवं कक्षों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। बारिश का मौसम शुरू हो गया है, परिसर में झाड़ियों की कटाई, पानी की पर्याप्त निकासी, पानी का जमाव बिल्कुल न हो इसका गंभीरता से पालन करना सुनिश्चित करेंगे। सभी आवासीय संस्थाओं में मच्छरदानी का अनिवार्यतः उपयोग, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, मलेरिया जांच सहित मौसमी बीमारियों का रोकथाम करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संस्थाओं में बेहतर व्यवस्थाओं के साथ बेहतर शिक्षा प्रदान कराने के लिए आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

बच्चों से मिलने आने वाले पालकों के लिए रविवार के दिन अलग कक्ष स्थापित करें। जहां पालक अपने बच्चों से मिल सके और न्यौता भोज कराते हुए पालकों को भी संस्थाओं में भोजन कराने के निर्देश दिए। भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन करने संस्थान से अध्ययन कर सफल हुए लोगों को संस्था में बुलाकर बच्चों को प्रेरित करने, उनके अंदर सकारात्मक विचारधारा पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को प्रोत्साहित करने का भी कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कहा कि स्वयं के द्वारा एवं नामजद जिला अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं की नियमित निरीक्षण की जा रही है। कही भी अव्यवस्था दिखने पर संबंधित के ऊपर कठोर कार्रवाई भी की जाएगी।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. आनंद सिंह सहित समस्त प्राचार्य एवं अधीक्षकगण उपस्थित थे।

# शिक्षक के सहयोग से बच्चों को मिली शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोहंडीगुड़ा विकासखंड के सुदूर शालाओं में शत-प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने एवं शिक्षकों में समुदाय के बीच सहभागिता बनाए रखने के उद्देश्य से संस्था में दर्ज सभी 55 बच्चों को कॉपी, सीस पेंसिल, रबर स्केल का वितरण प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला गंवर छापर मिचनार के बीआरसी पीलाराम सिन्हा एवं ग्राम पंचायत मिचनार 2 की सरपंच पाण्डों पोडियामी की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर बीआरसी पीलाराम सिंह ने कहा कि बच्चों की शालाओं में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस प्रकार का सहयोग एक सराहनीय पहल है। संस्था के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं कि इस साल में प्रतिदिन शत-प्रतिशत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहते हैं। उन्होंने कहा शिक्षकों व पालकों के बीच सामुदायिक सहभागिता का भाव होना आवश्यक है, ग्रामीण परिवेश में पालक अपने घरों में बच्चों को अध्यापन नहीं करा पाते, इसलिए हम सभी को नियमित स्कूल भेजने के लिए तत्पर रहना होगा। सरपंच पाण्डो पोडियामी ने कहा कि शिक्षक शैलेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना एक अच्छी पहल है। इससे पालकों में भी उत्साह का वातावरण निर्मित हो रहा है।

इस अवसर पर जटेल पोडियामी, जोगाराम पोयाम, सीएसी यमुनेश्वरी आचार्य, पीलू राम कश्यप, शिक्षक गोवर्धन बघेल, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, हालेश हिड़को, लिंगो कवासी, जगमन कवासी, सुदर मण्डावी, मुड़ी कवासी, बोंजो कवासी, सुखराम बघेल सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

### झूठ की राजनीति करना कांग्रेस का चरित्र : आलोक अवस्थी

**जगदलपुर।** झूठ की राजनीति करना कांग्रेस का चरित्र है। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के कमरे को विषय बना कर कांग्रेस सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाने से भाग रही है। सत्ता से बाहर होने की सच्चाई कांग्रेस अब तक स्वीकार नहीं कर पायी है। जनता से जुड़े मुद्दों को छोड़ कर कांग्रेस पार्षद दल कमरे और कुर्सी को ही महत्व दे रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व निगम राजस्व सभापति आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस संगठन की आपसी फूट व कलह का खामियाजा कांग्रेस के पार्षद भुगत रहे हैं। कांग्रेस पार्षद दल में बनाये गये दो-दो नेताप्रतिपक्ष में श्रेष्ठता बताने की आपस में होड़ मची है। नगर निगम में नेताप्रतिपक्ष के कमरे का विषय बहाना मात्र है। अवस्थी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ गयी थी। अलग-अलग खेमे में बंटे कांग्रेसी नेताओं में सत्ता से बेदखल होने के बाद संगठन में काबिज होने की लड़ाई चल रही है। जिसके लिये कांग्रेसी पार्षदों को मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

# भंडारडिगी छात्रावास को हानपतरी में शिफ्ट करने पर बढ़ी नाराजगी




**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम भंडारडिगी के प्री मेट्रिक छात्रावास को सहायक आयुक्त ने ग्राम हानपतरी में शिफ्ट करने का आदेश जारी कर दिया है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

सरपंच और वार्ड पंच का कहना है कि भंडारडिगी छात्रावास को हानपतरी में शिफ्ट किया जाता है, तो जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने विधायक भानुप्रतापपुर, कलेक्टर, बीईओ, सीईओ के नाम ज्ञापन सौंपकर भंडारडिगी में छात्रावास को यथावत रखने की मांग किया है। सरपंच धनेश नरेटी, अघन नरेटी, मथुरा प्रसाद नरेटी, एलआर नरेटी ने बताया कि ग्राम भंडारडिगी में 17 वर्षों से प्री मेट्रिक बालक छात्रावास संचालित हो रहा है, दूर दूर के बच्चो माध्यमिक शाला भंडारडिगी में प्रवेश ले चुके हैं और छात्रावास में रह रहे है। छात्रावास में रहने की सुविधा के कारण पालक आसानी से भंडारडिगी में भर्ती करवा रहे हैं। कुछ दिनों से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से छात्रावास को हानपतरी में शिफ्ट करने का आदेश जारी किया गया है, जिससे हम ग्रामवासी और बच्चों के पालक परेशान हैं। विधायक और कलेक्टर को आवेदन सौंपा है।

**शहरवासियों का मिल रहा पूरा सहयोग**

# डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के कार्य में हुआ बेहतर सुधार

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर



शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन लगातार कार्य योजना बनाकर शहर को कचरा मुक्त बनाने के अभियान में जुटा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए निगम प्रशासन के टीमवर्क के साथ साफ सफाई व्यवस्था का सदृढ़ किया जा रहा है। इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर शहर में साफ-सफाई एवं वार्डों में डोर टू-डोर-कचरा संग्रहण पर विशेष फोकस किया जा रहा है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण विगत वर्ष 60 प्रतिशत से 65 प्रतिशत तक हो रहा था,जिस पर निगम प्रशासन ने बेहतर कार्य करते हुए वर्तमान में डोर- टू-डोर कचरा संग्रहण 94 प्रतिशत से 98 प्रतिशत पहुंचाने में सफलता पाई है। यह सब योजनाबद्ध तरीके से सामूहिक प्रयास से डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य में बेहतर सुधार हुआ है। विगत वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण के पूर्व डोर- टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए 35 ऑटो एवं 9 ट्राइसाइकिल के द्वारा घरों से कचरा संग्रहण किया जा रहा था, तथा शहर के कई वार्डों में 1 आटो से 2 वार्डो को कवर किया जाते था। जिससे कई वार्डो के बहुत सारे घरों से कचरा कलेक्शन बराबर नही हो पा रहा था,शहर के व्यवसायिक क्षेत्रों एवं होटलों के कचरा कलेक्शन के लिए उचित प्रबंध नहीं थे,परंतु सितंबर 2023 के बाद से डोर-टू-डोर कलेक्शन को बेहतर किए जाने को लेकर कार्य योजना के साथ कचरा सलेक्शन करने की कार्रवाई में काफी सुधार हुआ। वार्ड के कुछ क्षेत्र छूट रहे हैं, उसे पर भी शीघ्र योजना के तहत कवर कर कचरा कलेक्शन नियमित करने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्तमान में शहर के सभी वार्डो में 48 दूर तो दूर वाहनों ,13 ट्राइसाइकिल, 4 ई-रिक्शा के द्वारा शहर में कचरा कलेक्शन हो रहा है। शहर के बड़े क्षेत्रफल वाले वार्ड है वहां टिप्पर द्वारा 2 से 3 ट्रिप कचरा कलेक्ट किया जा रहा है,साथ ही जिन वार्ड में डोर टू डोर कचरा गाड़ी खराब हो जाता है उन वार्डों में ई-रिक्शा भेजा जाता है।

### व्यवसायिक क्षेत्र में टिप्पर और ट्रैक्टर का सहारा

शहर के व्यवसायिक क्षेत्र कचरा संग्रहण के लिए मेन रोड़, पैलेस रोड, गोलबाजार, हाई स्कूल रोड तथा अन्य क्षेत्र के लिए प्रतिदिन शाम को टिप्पर के द्वारा और शहर के होटलों के लिए निगम प्रशासन ने ट्रैक्टर की व्यवस्था की गई है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के कारण शहर में नुक्कड़ों (जीवीपी) की संख्या काफी कम हुई है। साथ ही शहर के वार्डों में भी नुक्कड़ो की संख्या काफी कमी आई है।

### नागरिकों का मिल रहा सहयोग

विधायक किरण देव के मार्गदर्शन, महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों के समन्वय से इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण रैंकिंग मैं सुधार के लिए कार्य योजना के साथ प्रयास जारी है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी के मुताबिक इस वर्ष स्वच्छता में रेंक वृद्धि के लिए हर नागरिकों का सहयोग मिल रहा है। आने समय मे शहरवासियों का निगम को सहयोग मिलता रहा तो स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर परिणाम आएंगे।

### 20 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

बीजापुर। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत नदी में डूबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक टोक्का गोटा के निकटतम वारिस उनकी पत्नि शांती गोटा को 4 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह सर्पदंश से मृत्यु के दो प्रकरणों में से मृतिका अनिता कुरसम के निकटतम वारिस उनके पति नरसैया कुरसम, मृतिका प्रतिमा कोरसा के निकटतम वारिस उनके पिता बन्डे कोरसा को 4-4 लाख रुपए एवं आग में जलने से मृत्यु के दो प्रकरणों में से मृतक अशोक बिस्वास के निकटतम वारिस उनकी पुत्री कृतिका बिस्वास, मृतिका बसंती बिस्वास के निकटतम वारिस उनकी पुत्री कृतिका बिस्वास को 4-4 लाख रुपए कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ग्रंथ्धी, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है